आइए गोपाष्टमी पर्व पर गौपालन, गौ-सेवा व गौ-रक्षा तथा उनके संरक्षण व संवर्धन हेतु संकल्प करें।

—— नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री

कबाड़ निपटान से आय के बाद केंद्र ने स्वच्छता अभियान में तेजी लाने की योजना बनाई।

—— जितेंद्र सिंह. केंद्रीय मंत्री

इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित

नई दिल्ली, (एसएनबी)। जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन के सौजन्य से इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन शालीमार बाग के एसआर अकादमी में किया गया। इसमें काफी स्कूल के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता चार श्रेणी में आयोजित की गई । इसमें प्रथम श्रेणी 11 वर्ष, द्वितीय श्रेणी 13 वर्ष, तृतीय श्रेणी 15 वर्ष और चतुर्थ श्रेणी 17 वर्ष के बीच हुआ । बच्चों द्वारा शानदार खेल का प्रदर्शन दिखाया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कोच यशपाल और शिक्षक आशु गर्ग द्वारा बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित किया गया । फाउंडेशन के संयोजक सत्या शर्मा द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित करने के लिए किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्य अनिता शर्मा , सुनील, रोहित कुमार, अशोक कुमार, तरुण और राजीव उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने खड़ी कार में मारी टक्कर, चार घायल

नई दिल्ली (एसएनबी)। राजधानी के ग्रेटर कैलाश एंक्लेव पार्ट-2 इलाके में बीती रात एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक खड़ी कार में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे चार बुजुर्ग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त रात में खाना खाने के बाद बुजुर्ग टहलने के लिए निकले थे। हालांकि इनमें से दो को ज्यादा चोटें आई है। सभी घायलों को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। डीसीपी साउथ चंदन चौधरी के अनुसार घायलों की पहचान 58 वर्षीय यशवंत नलवाड़े, देवराज मधुकर (50), मनोहर (62) और नितिन कोल्हापुरी के रूप में हुई । इस मामले में चितरंजन पार्क थाना की पुलिस टीम मामला दर्ज करके लीगल कारवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार रात में पीसीआर को सूचना मिली थी की सीआरपार्क थाना इलाके के मस्जिद मोठ के पास एक्सिडेंट हुआ है,

घायलों की पहचान यशवंत नलवाड़े, देवराज मधुकर, मनोहर और नितिन कोल्हापुरी के रूप में हुई

जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। मौके पर जब पुलिस की टीम पहुंची तो देखा की दो गाड़ी दुर्घटना की हालत में खड़ी है। जिनमें से एक बीएमडब्ल्यू कार और दूसरी सियाज गाड़ी। छानबीन में पता चला की बीएमडब्ल्यू गाड़ी एक महिला चला रही थी। जिसने खड़ी सियाज गाड़ी को टक्कर मारी है। पुलिस ने आरोपी महिला को भी हॉस्पिटल में मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। जिस सियाज गाड़ी में टक्कर मारी गई थी, संजोग से उसमें कोई सवार नहीं था। लेकिन टक्कर इतना जोरदार था की खड़ी गाड़ी अनबैलेंस होकर आगे जाकर कई लोगों को टक्कर मार दी।

स्कूल बसों पर रुख बताए सरकार : हाईकोर्ट

नयी दिल्ली (भाषा)। दिल्ली हाईकोर्ट ने करीब 360 स्कूल बसें मुहैया करने की एक याचिका पर सोमवार को शहर की सरकार को अपना रुख बताने को कहा। यह याचिका, उत्तर-पूर्वी जिले में कई सरकारी स्कूलों में पढाई कर रहे छात्रों को अन्य जिलों में स्थित स्कूल पहुंचाने और वापस लाने की व्यवस्था करने के वास्ते दायर की गई है। गैर सरकारी संस्था सोशल जूरिस्ट की याचिका में आरोप लगाया गया है कि उत्तर-पूर्वी जिले में सरकारी स्कूल पूर्णकालिक शिक्षा नहीं प्रदान कर रहे हैं क्योंकि ये दिन में केवल दो घंटे या एक-एक दिन के अंतराल पर संचालित किये जा रहे हैं।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी किया और दिल्ली सरकार के वकील को निर्देश प्राप्त करने के लिए वक्त दिया। पीठ की सदस्य न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्ण ने कहा कि याचिकाकर्ता बच्चों के जिले में स्कूल भवन का निर्माण कार्य जारी रहने के कारण उन्हें अन्य स्कूलों में भेजने के लिए केवल 367 बसें मांग रहे हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने कहा कि उत्तर-पूर्वी जिले में स्कूलों की प्रत्येक कक्षा में 45 से लेकर 190

पीठ ने नोटिस जारी कर दिल्ली सरकार के वकील को निर्देश प्राप्त करने के लिए दिया वक्त

छात्र हैं, जबकि नियम के मुताबिक 40 छात्र ही होने चाहिए। याचिका में कहा गया है कि उत्तर-पूर्वी जिले खजूरी, सभापुर, सोनिया विहार और करावल नगर आदि इलाकों में कुछ सरकारी स्कूल केवल दो घंटे संचालित हो रहे हैं या एक-एक दिन के अंतराल पर खुलते हैं। मामले की अगली सुनवाई 28 नवम्बर को होगी।

यू-टर्न लेन खोलने पर फैसला करे पीडब्ल्यूडी

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से मथुरा रोड पर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के पास एक फ्लाईओवर पर एक यू-टर्न लेन को खोलने पर विचार करने को कहा और इस संबंध में एक याचिका का निस्तारण कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 'द लीगल अटॉर्नीज एंड बैरिस्टर्स' नामक विधि प्रतिष्ठान की जनहित याचिका पर यू-टर्न लेन खोलने पर निर्देश देने से इनकार कर दिया और कहा कि अदालत इस तरह के मुद्दों पर निर्णय नहीं ले सकती।पीठ में न्यायमूर्ति मिनी पुष्करण भी शामिल रहीं। पीठ ने कहा कि हम यह फैसला नहीं कर सकते कि किस फ्लाईओवर को खोलना है। यह हमारा काम नहीं है। अदालत ने आदेश सुनाया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के लोक निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को इस रिट याचिका को एक ज्ञापन के तौर पर लेने और कानून के अनुसार फैसला करने का निर्देश देते हुए इस याचिका का निस्तारण करते हैं। अदालत ने अधिकारियों से समयबद्ध तरीके से आदेश जारी करने को कहा। दिल्ली सरकार के वकील संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने बिना किसी अनुसंधान के और इस अवधारणा पर याचिका दायर की है कि यूटर्न लेन खोलना ठीक रहेगा।

मथुरा रोड पर डीपीएस के पास फ्लाईओवर का मामला

खाप पंचायत ने लिया ब्राह्मण समाज को एकजुट करने का संकल्प

नई दिल्ली (एसएनबी) ब्राह्मण खाप बवाना और कटेवड़ा के तत्वाधान में हुई पंचायत में मैरी गोल्ड स्पोट्स कॉम्प्लेक्स, कटेवड़ा में राष्ट्रीय और हिंदू बनाम ब्राह्मण एकता भगवान परशुराम के चित्र की तरफ हाथ उठा कर शपथ ली गई, कि वे राष्ट्र और हिंदू बनाम ब्राह्मण एकता को अक्षुण रखने के लिए महर्षि दधीचि की तरह अपनी अस्थियां ही नहीं, बल्कि अपना सर्वस्व अर्पित करने को तैयार हैं।

इस विषय पर हुई विचार गोष्ठी में लोगों ने एक दूसरे की टांग खींचने की वृत्ति को त्यागकर एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। जिसकी वजह से ब्राह्मणों में एकता स्थापित नहीं हो पाती भविष्य में निर्मूल करने के लिए भगवान परशुराम के चरणों में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की दौड़ करते हुए अर्जी लगाई। ब्राह्मणों में एकता का मूल मंत्र देते हुए पंडित राधेश्याम शर्मा ने ब्राह्मणों को दंभ और छद्म स्वभाव छोड़ने की भी अपील की। उन्होंने अपने बच्चों के दिलों में साहस बढ़ाने के लिए मार्शल आर्ट के खेलों में भी भाग लेने की अपील की।

दिल्ली पुलिस ने बल में शामिल किए पांच नए घोड़े

नई दिल्ली(भाषा)। दिल्ली पुलिस ने अपनी घुड़सवार इकाई के लिए पांच नए घोड़े खरीदे हैं, जिसके बाद इकाई में घोड़ों की संख्या 18 हो गई है।

इन घोड़ों की उम्र पांच से छह वर्ष के बीच है और इन्हें भारतीय सेना से खरीदा गया है। इन घोड़ों को उत्तरी दिल्ली में 'ओल्ड पुलिस लाइन' में स्थित इकाई में रखा गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस इन घोड़ों का उपयोग वार्षिक खेल सम्मेलनों, अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) से संबंधित ड्यूटी और स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस परेड जैसे समारोह के लिए करेगी। अधिकारी ने कहा, 'इन घोड़ों को उत्तराखंड के हेमपुर और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित सेना के प्रजनन केंद्रों से खरीदा गया है। प्रत्येक घोड़े की कीमत पांच से छह लाख रुपए के बीच है।उन्होंने बताया कि इन पांच घोड़ों में से दो मादा और तीन नर घोड़े हैं।



पुलिस उपायुक्त विनीत कुमार के मुताबिक, इनकी खरीद इकाई के लिए अधिक घोड़ों की खरीद की प्रक्रिया का हिस्सा है। योजना के तहत आगामी महीनों में 10 और घोड़े खरीदे जाएंगे।संबंधित इकाई के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस की घुड़सवार इकाई 1930 में गठित की गई थी और उस समय इसमें 95 घोड़े थे। उनके अनुसार, इस इकाई को वर्षों तक नजरअंदाज किए जाने के कारण घोड़ों की संख्या घटकर पांच रह गई। कुछ वर्षों में घोड़े खरीदे गए हैं लेकिन कुछ घोड़े सेवा से बाहर भी हुए हैं।

जामा मस्जिद इलाके में फायरिंग, केस दर्ज

नई दिल्ली (एसएनबी)। सेंट्रल जिला के जामा मस्जिद थाना अंतर्गत गली जगत वाली में देर रात फायरिंग करने का मामला सामने आया है। पुलिस को 2.30 बजे के आसपास पीसीआर कॉल मिली थी। शिकायतकर्ता मोहम्मद असद ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ गली में घूम रहा था। इस दौरान दो लोग वहां पर आए और अपशब्द बोलने लगे।

जब असद ने उसका विरोध किया तो वह लोग उससे झगड़ा करने लगे और अचानक उनमें से एक ने पिस्तौल निकालकर गोली चला दी। साथ ही पिस्तौल की बट से उसके सर पर मारकर उसे घायल कर दिया और वहां से दोनों फरार हो गए। घायल को तुरंत लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में पीसीआर की टीम के द्वारा भर्ती कराया गया। स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और इस मामले में मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी सेंट्रल संजय सेन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी और पीड़ित दोनों एक-दूसरे को जानते हैं। इनके बीच कोई पुराना विवाद है, जिसको लेकर यह वारदात हुई है।

अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करेगा सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज किया शोध : योगेश सिंह

नई दिल्ली (एसएनबी)। सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज में किया गया शोध देश भर में संचालित हिन्दू अध्ययन केन्द्रों में अध्ययन के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने सोमवार को हिंदू अध्ययन केंद्र का उद्घाटन करते हुए यह विचार व्यक्त किये। डीयू के हिन्दू अध्ययन केन्द्र में एमए के लिए शैक्षणिक कैलेंडर सोमवार को कक्षाएं शुरू करने की घोषणा के साथ लांच किया गया। समारोह के दौरान साउथ कैंपस के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कला संकाय के डीन अमिताव चक्रवर्ती, हिन्दू अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. ओम नाथ बिमली और संयुक्त निदेशक डॉ. प्रेरणा मल्होत्रा, अन्य डीन, विभाग प्रमुख, प्रिंसिपल तथा प्रोफेसर उपस्थित थे।

डीयू के हिन्दू अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

प्रश्नोत्तर सत्र में प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों की चिंताओं पर ध्यान दिया और बताया कि कैसे यह केंद्र स्वाभाविक रूप से अंतःविषय प्रकृति का है। चर्चा में डॉ. प्रेरणा मल्होत्रा ने केंद्र में पढ़ाए जाने वाले विषयों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि हिंदू अध्ययन, राजनीति विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, वाणिज्य के साथ-साथ पांडुलिपि विज्ञान और डेटा जैसे कौशल- विषय है। प्रथम सेमेस्टर में जहां हिंदू धर्म और दर्शन के अध्ययन, संरक्षण और शिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और वहीं कौशल आधारित शिक्षा से छात्र-छात्राओं को अपना करियर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि हिंदू अध्ययन केंद्र की स्थापना का उद्देश्य छात्रों-छात्राओं को हिंदू धर्म और दर्शन के सार के बारे में गंभीर रूप से सोचने का प्रशिक्षण प्रदान करना है।

बुजुर्गों की संस्थागत देखभाल समय की जरूरत : गर्ग

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव डा. सौरभ गर्ग ने कहा कि बुजुर्गों की संस्थागत देखभाल समय की मांग है और इसे टाला नहीं जा सकता। एसोसिएशन ऑफ सीनियर लिविंग इंडिया (असली) एजिंग फेस्ट की ओर से आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डा. गर्ग ने कहा कि यह एक पुरानी अवधारणा है और सांस्कृतिक परंपराओं में भी घर पर उम्र बढ़ने को आम तौर पर स्वीकार किया जाता है। लेकिन इसके साथ ही संस्थागत देखभाल कुछ हद तक आवश्यक है और जरूरी भी है, जैसे-जैसे समय बीतता जाएगा इसकी और अधिक आवश्यकता होगी।

सरकार करीब 360 जिलों में 640 से ज्यादा चला रही वृद्धाश्रम

डा. गर्ग ने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ रही है, अगर देश 2024 में विकसित भारत के सपने को देखे तो बुजुर्गों का अनुपात वर्तमान की तुलना में कहीं अधिक होगा। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि यह सही समय है कि हम सोचें कि भविष्य की तैयारी के लिए हमें क्या करने की जरूरत है। सरकार का ध्यान विशेष रूप से उन लोगों पर है जो आर्थिक रूप से स्थिर नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार करीब 360 जिलों में 640 से ज्यादा वृद्धाश्रम चला रही है। नीति आयोग के सदस्य डा. वीके पॉल ने इस तथ्य पर जोर दिया कि 50 फीसद बुजुर्ग महिलाएं हैं। बुजुर्गों की देखभाल के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को इस तथ्य पर ध्यान देना चाहिए। असली के अध्यक्ष आदर्श नरहरि ने अपने परिचयात्मक भाषण में कहा कि उनका संघ नियमित उद्योग बैठक और कार्यक्रमों का आयोजन करके उद्योग के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। जिसका उद्देश्य परिचालन मानकों को बढ़ाना, वरिष्ठ देखभाल क्षेत्र के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।

मोबाइल चिल्ड्रेन पार्क योजना पर आप ने फेरा पानी : पूर्व महापौर

नई दिल्ली (एसएनबी)। पूर्व महापौर सत्या शर्मा ने नगर निगम में शासित आप और निगम उद्यान विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि इनकी लापरवाही से बच्चों के लिए भाजपा के कार्यकाल में बनाई गई मोबाइल चिल्ड्रेन पार्क योजना पर पानी फिर चुका है। उन्होंने कहा कि जिन वार्डी और अनधिकृत कॉलोनियों में पार्क नहीं है, उनमें बच्चों के लिए पूर्वी दिल्ली में चलता-फिरता मोबाइल पार्क यानी मोबाइल चिल्ड्रेन पार्क योजना लाई गई थी ताकि इन कालोनियों के बच्चे शनिवार और रविवार पार्क में झूलों का आनंद ले सकें।

पार्को की हालत है खस्ता, सिंचाई की नहीं व्यवस्था

उन्होंने कहा कि मोबाइल चिल्ड्रेन पार्क में सात तरह के झूले लगाए गए थे और इस मोबाइल पार्क में 20 बच्चों के एक साथ झूलने और खेलने की क्षमता थी। इस पार्क को एक बड़े ट्रक में तैयार किया गया था और इस योजना पर निगम का काफी पैसा भी खर्च हुआ था। निगम में जब तक भाजपा सत्ता में रही, यह चलता-फिरता मोबाइल पार्क अनेक वार्डी में बच्चों के लिए भेजा जाता रहा। उन्होंने आरोप लगाया है कि निगम में जब से आप सत्ता में आई तो इस योजना पर पानी फेर दिया गया। उन्होंने कहा कि पार्को की हालत बेहद खस्ता है। इनमें सिंचाई के लिए न तो ट्यूब वेल है और न ही टैकर की कोई व्यवस्था है। उन्होंने निगमायुक्त से कहा है निगम में बच्चों के लिए जो योजना तैयार की गई थी उसे पुनः जीवित किया जाए और उद्यान विभाग में जो पैसा बर्बाद हो रहा है, उसे रोका जाए।

भारतीय टीम की हार से दिल्ली में 100 करोड़ के नुकसान की आशंका

नई दिल्ली (एसएनबी)। क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया, इसका असर दिल्ली के व्यापार और मार्केट्स पर भी पड़ा है। रविवार से लेकर सोमवार तक होटल, रेस्टोरेंट्स में पार्टियां होनी थी, लेकिन मैच हारने से दिल्ली में सौ करोड़ से ज्यादा के कारोबार का नुकसान हुआ है। यह बात चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल ने जताया है। उन्होंने बताया कि फाइनल मुकाबले को लेकर होटलों और रेस्टोरेंट्स ने खाने-पीने और ड्रिंक्स का खास प्रबंध किया था, जश्न की पूरी तैयारियां थीं। ढोल वाले भी तैयार किए गए थे, जीत के बाद पूरी रात सड़कों पर प्रशंसक निकलने को तैयार थे। मगर, मैच शुरू से एकतरफा रहा, बीच में भी बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यदि फाइनल मुकाबले में भारत शानदार प्रदर्शन करता तो दिन से लेकर रात तक प्रशंसकों की भीड़ होटल और रेस्टोरेंट का रुख करती।

सार्वजनिक सूचना

राष्ट्रीय सहारा दिनांक 18.11.2023 के अंक में प्रकाशित जवाहर ज्योति जूनियर हाईस्कूल सोसायटी अमरगढ़ बुलन्दशहर चुनावी कार्यक्रम के विज्ञापन में नामांकन पत्रों पर जांच दिनांक 30.11.2023 की बजाय 30.12.2023 छप गया है। उसे 30.11.2023 ही पढ़ा जाए। (बैंक)

सार्वजनिक सूचना

सामुदायिक खाद्य एवं पोषाहार विस्तार इकाई, भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, किदवई नगर वेस्ट, नई दिल्ली स्थित कार्यालय में अनुपयोगी वस्तुएँ फर्नीचर, अलमारी, बर्तन, लोहे एलुमिनियम, प्लास्टिक आदि का सामान 'जहां है जैसा है' के आधार पर नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामान का निरीक्षण कार्यालय दिवस दिनांक 21.11.2023 से 22.11.2023 समय 11 बजे से 3 बजे तक किया जा सकता है। निविदा बयाना राशि के डिमांड ड्राफ्ट के साथ 22.11.2023 को 3 बजे तक ली जाएंगी। इच्छुक क्रेता अपनी सीलबंद निविदाएँ आवेदन के साथ रुपये 3000/- की बयाना राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में निम्न के पक्ष में जमा करनी होगी "वेतन एवं लेखा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली। सीलबंद निविदाएँ दिनांक 23.11.2023 को 12:00 बजे खोली जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय प्रभारी से संपर्क करें।

(प्रभारी अधिकारी)
सामुदायिक खाद्य एवं पोषाहार विस्तार इकाई डी 11/183,
किदवई नगर वेस्ट (नई दिल्ली)-110023
मो. नं. : 7876782991

बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर

नीलामी - सूचना

यमुनापुरम आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित सामुदायिक केन्द्र को 05 वर्षों के लिए अनुज्ञप्ति पर रख-रखाव एवं संचालन हेतु दिनांक 29.11.2023 को नीलामी आयोजित की जायेगी। विवरण पुस्तिका किसी भी कार्य दिवस मे दिनांक 20.11.2023 से धनराशि रू0 590 /- के भुगतान पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सचिव

कार्यालय उपनिदेशक (वि.यां.)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
नवीन फल एवं सब्जी मण्डी स्थल साहिबाबाद, गाजियाबाद

पत्रांकः-वि./यां/गा./2023-439 दिनांक :-20.11.2023

अति अल्पकालीन ई- निविदा सूचना

कार्यालय पत्रांक वि./यां./गा./2023-342 दिनांक 25.09.2023 द्वारा दिनांक 19.10.2023, कर्यालय पत्रांक वि./यां./गा./2023-396 दिनांक 19.10.2023 द्वारा दिनांक 07.11.2023 एवं कार्यालय पत्रांक वि./यां./गा./2023-425 दिनांक 07.11.2023 द्वारा दिनांक 18.11.2023 को आमंत्रित ई- निविदाओं में से क्रमांक संख्या 14 की ई- निविदा पुनः दिनांक 29.11.2023 को आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे ई- टेन्डर के माध्यम से ऑनलाईन कार्यालय उपनिदेशक (वि./यां.), नवीन फल एवं सब्जी मण्डी स्थल साहिबाबाद , गाजियाबाद में खोली जायेगी। निविदा ई- टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 28.11.2023 को अपराह्न 05.00 बजे तक ऑनलाईन भरकर लोड की जा सकती है। Tender ID 2023_RKUMP_863517_1 है। नियम व शर्तें पूर्वत रहेंगी।

पत्रांकः-वि./यां./गा./2023-440, दिनांक :-20.11.2023, उपनिदेशक (वि./यां.)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **धर्मपाल**, पुत्र स्वर्गीय बाला राम, निवासी ए–2/16, राजवीर कॉलोनी, घडोली गांव, गाजीपुर, दिल्ली, ने **एफआईआर संख्या 106/2021, धारा 33/52 दिल्ली एक्साइज एक्ट, पुलिस थाना कालिंदी कुंज, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धर्मपाल**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **धर्मपाल**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **धर्मपाल**, केस **एफआईआर संख्या 106/2021, धारा 33/52 दिल्ली एक्साइज एक्ट, पुलिस थाना कालिंदी कुंज, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.12.2023** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हिमांशु तंवर,
महानगर दण्डाधिकारी–10,
कमरा नंबर 307,
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/13178/SE/2023
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परवीन पुत्र बंसीधर निवासी ए–3/229, सेक्टर–17, पहली मंजिल, रोहिणी के.एन. काटजू मार्ग, रोहिणी, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **011999/22 अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवीन** मिल नही रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवीन** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **011999/22 अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **परवीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.01.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाली श्रीवास्तव
महानगर दण्डाधिकारी (उ/प)
कमरा नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/12990/RD/2023
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ संजू पुत्र संजय पताः ई–7/313, जलेबी चौक सुल्तानपुरी, दिल्ली ने एफआईआर नं. 259/20 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः कीर्ति नगर, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ संजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ संजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 259/20 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थाना कीर्ति नगर, नई दिल्ली के उक्त राहुल उर्फ संजू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
बलविंदर सिंह
मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट
वेस्ट जिला, कमरा नं.146, प्रथम तल,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/13195/WD/2023

निवेश के लिए बिहार सबसे आदर्श राज्य

नई दिल्ली (एसएनबी)। प्रगति मैदान में चल रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ बिहार पवेलियन पहुंचे एवं बिहार पवेलियन में लगे प्रदर्शनी के स्टालों का भ्रमण किया और कहा कि वर्तमान समय में निवेश के लिए बिहार सबसे आदर्श राज्य बन कर उभरा है एवं उद्यमियों को निवेश की बेहतर सुविधा देने के लिए बिहार सदैव तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में बिहार में निवेश के लिए आवश्यक सभी मूलभूत सुविधाओं में चहुमुखी विकास हुआ है ।

उद्यमियों को निवेश की बेहतर सुविधा देने के लिए बिहार तैयार : समीर महासेठ

बिहार पवेलियन के स्टॉल संचालकों से बड़े ही आत्मीयता से मिलते हुए उद्योग मंत्री ने उनसे कहा कि आप अपने उत्पाद को आप बिहार के जिस क्षेत्र से आते है वहां से जोड़कर आगे बढ़े ताकि आपके उत्पाद के विश्व में मधुबनी पेंटिंग,भागलपुरी सिल्क आदि की तरह ही खास पहचाना बना सके एवं बिहार का नाम विश्व में रोशन होता रहे । इस बार बिहार पवेलियन में 57 स्टॉल लगाए गए है द्य इन स्टॉल को एमएसएमई, स्टार्टअप, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, पीएमइजीपी, पीएमएफएमई तथा हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट एवं खादी के स्टॉल के रुप में बांटा गया है तथा इनसे जुड़े बिहार के उद्यमियों को स्टॉल मुहैया कराया गया है।

मेले में जसबीर जस्सी की प्रस्तुति आज

'व्यापार मेला में 21 नवम्बर को दिल्ली दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर गायक जसबीर जस्सी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का आयोजन प्रगति मैदान के एम्फी थियेटर में किया जाएगा।

महिलाओं के लिए वर्कशॉप आयोजित

नई दिल्ली (एसएनबी)। प्रगति मैदान में चल रहे ट्रेड फेयर में सरस आजीविका मेला में सोमवार को स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसका आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा किया गया था। इसमें देश के 28 राज्यों से आई करीब 50 महिलाओं ने भाग लिया।

ग्रामीण उत्पादों की मार्केटिंग समेत यूट्यूब पर वीडियो अपलोड करने और मोबाइल से प्रचार प्रसार करने के गुर सिखाए गए

कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन (आईआईएमसी) के सोशल मीडिया विशेषज्ञ विनोद शर्मा रहे। कार्यशाला में आज इन महिलाओं को बताया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रामीण उत्पादों के प्रमोशन औ.र मार्केटिंग कैसे की जाए। इस दौरान उन्होंने बताया कि वीडियो के थम्बनेल कैसे सेट करें, बैकग्राउंड आदि कैसा हो। साथ ही इसके लिए क्या कंटेंट हो । कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के रुचिरा भट्टाचार्य, चिरंजी लाल कटारिया समेत तमाम अधिकारी व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने इसकी सराहना की। 27 नवम्बर तक चलने वाले इस उत्सव में 300 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, 165 के करीब स्टॉलों पर अपनी अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शनी का प्रदर्शन कर रहे है।